सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

नोडल अधिकारी
टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना

पत्रांकः कु०स० 5111/21
दिनांक 25.11.2021

अत्यावश्यक सूचना

उत्तर प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में इस विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 16.11.2021 के अनुक्रम में सूच्य है कि विश्वविद्यालय के ऑनलाइन पोर्टल ssvvonline.in के माध्यम से कालेज लॉगिन पर उत्तर प्रदेश के सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा उक्त पोर्टल पर उपलब्ध शीर्षक **''उ०प्र० शासन के टैबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना हेतु सत्र 2021-22 के छात्रों के आकड़ों (डाटा) की प्रविष्टि/सूची मुद्रण''** को चयन करके प्रवेशित आकड़ों को ऑनलाइन पद्धति से ''स्वीकृत'' एवं ''प्रमाणित'' किया जाना है।

ऐसा देखा जा रहा है कि अभी तक सभी महाविद्यालयों द्वारा अपने महाविद्यालय के शास्त्री द्वितीय खण्ड, शास्त्री तृतीय खण्ड, आचार्य तृतीय सेमेस्टर तथा शिक्षाशास्त्री द्वितीय खण्ड के प्रवेशित छात्रों के आकड़ों को इस योजना हेतु ''स्वीकृत'' तथा ''प्रमाणित'' नहीं किया गया है।

यह कार्य उ०प्र० शासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अतः उ०प्र० के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय उक्त कार्य को दिनांक 29.11.2021 तक ऑनलाइन पद्धति से अपने कालेज लॉगिन के माध्यम से अवश्य पूर्ण कर लें तथा सूची प्रमाणित कर लें।

नोट :- महाविद्यालयों द्वारा उक्त प्रमाणित सूची को ई०मेल अथवा हार्ड कॉपी में विश्वविद्यालय को प्रेषित नही करना है।

25.11.21
नोडल अधिकारी

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-
1. सचिव, कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. आशुलिपिक कुलसचिव।
3. सिस्टम मैनेजर।
4. सम्बद्ध पत्रावली।

25.11.21
नोडल अधिकारी